## वाहन मालिक भी कर रहे आवेदन, ARTO दे रहे सब्सिडी की मंजूरी

# नियमों के बदलते ही फटाफट मिलने लगी EV की सब्सिडी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

आवेदन और मंजूरी के नियम बदलने से लोगों को इलेक्ट्रिक वीइकल (ईवी) की सब्सिडी आसानी से मिलने लगी है। लखनऊ में अब तक कुल 3029 आवेदनों में 2540 लोगों को सब्सिडी का भुगतान भी हो गया है।

चार पहिया ईवी पर एक लाख रुपये तो दोपहिया पर पांच हजार रुपये सब्सिडी तय है। ओला समेत कई कंपनियों की दोपहिया ईवी की डीलरशिप सिर्फ लखनऊ में है, जबकि इनकी गाड़ियां प्रदेशभर में चल रही हैं। पहले सिर्फ डीलर ही सब्सिडी का आवेदन कर सकते थे। ऐसे में दोपहिया वाहन मालिक आवेदन भी नहीं करवाते थे। यही नहीं, सिर्फ मुख्यालय स्तर पर मंजूरी का नियम होने के कारण डीलरों को भी दिक्कत होती थी। अब वाहन मालिक भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और एआरटीओ सब्सिडी की मंजूरी दे सकते हैं।

पहले एआरटीओ प्रशासन एक दिन में पांच लाख रुपये तक की सब्सिडी मंजूर कर सकते थे। कुछ वाहनों की सब्सिडी की मंजूरी के बाद दिन का कोटा खत्म हो जाता था। इससे लंबित आवेदन बढ़ रहे थे। अब एआरटीओ का मद बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया गया है।

> "प्राथमिकता पर सब्सिडी जारी कर रहे हैं। आवेदकों को कोई दिक्कत नहीं है। हेल्प डेस्क के साथ अफसर भी लोगों की मदद कर रहे हैं। - प्रदीप कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन, लखनऊ

### यहां करें आवेदन

- पोर्टल upevsubsidy.in
- वाहन स्वामी का आधार, कैंसल चेक, बैंक खाता नंबर और फोटो अनिवार्य है।


### नियम

- व्यक्तिगत गाड़ी है तभी सब्सिडी मिलेगी।
- दूसरी गाड़ी पर लाभ नहीं मिलेगा।
- आवेदन में गलत सूचना पर भी सब्सिडी नहीं मिलेगी। कानूनी कार्रवाई भी होगी।

### लखनऊ का हाल

3029 आवेदनों में 2540 लोगों को मिली सब्सिडी

- 48 आवेदन लंबित
- 334 आवेदन खामियों के कारण डीलर को लौटाए
- 108 आवेदन एग्रीगेटर्स या फर्म के थे, जो खारिज हो गए



## अक्षय तृतीया पर जमकर हुई वाहनों की बिक्री

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अक्षय तृतीया पर इस साल वाहनों की जमकर बिक्री हुई। आरटीओ में बुधवार देर रात तक डीलर की ओर से रजिस्ट्रेशन के आवेदन आते रहे। इसी तरह मंदिरों में पूजा के लिए नए वाहनों की कतार लगी रहीं। सिर्फ अक्षय तृतीया के दिन बुधवार को लखनऊ आरटीओ में 1121 गाड़ियां रजिस्टर्ड हुईं। इसके अगले दिन गुरुवार शाम पांच बजे तक भी 329 वाहन रजिस्टर्ड हुए। इन दोनों दिनों में कुल 337 इलेक्ट्रिक वाहनों की भी बिक्री हुई।

नए वाहनों की पूजा के लिए बुधवार को हनुमान सेतु मंदिर में कतार लगी रही। मंदिर के वेद विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर 137 नए वाहनों की पूजा करवाई गई। इसमें दो पहिया और चार पहिया वाहन शामिल हैं। लालपुल के पास स्थित लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के प्रमुख सेवादास डॉ. विवेक तांगड़ी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर 20 वाहनों की पूजा करवाई गई।

### ऐसे हुई वाहनों की बिक्री

| वाहन | 29 | 30 | 1 |
|---|---|---|---|
| कंस्ट्रक्शन वाहन | 1 | 17 | 14 |
| ई-रिक्शा | 23 | 29 | 16 |
| गुड्स व मैक्सी कैब | 9 | 34 | 4 |
| टू वीलर | 0 | 559 | 174 |
| फोर वीलर | 11 | 394 | 93 |
| ऑटो थ्री वीलर | 28 | 74 | 23 |
| **ईवी की बिक्री** | | | |
| कार | 0 | 20 | 0 |
| टूवीलर | 0 | 109 | 45 |
| ई रिक्शा | 23 | 29 | 16 |
| ई-ऑटो | 28 | 74 | 24 |
| | अप्रैल | | मई |

### खूब मिला टैक्स

वाहनों की बिक्री से 29 अप्रैल को ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में साढ़े तीन लाख से ज्यादा टैक्स जमा हुआ। अक्षय तृतीया पर 30 अप्रैल को 4.60 करोड़ से ज्यादा टैक्स जमा हुआ। वहीं, एक मई को करीब 1.22 करोड़ टैक्स जमा हुआ।